**प्रेस नोट**

**दिनांक 11.10.2025**

**साइबर अपराध से निपटने हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में आज दिनांक 11.10.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल अधिकारी साइबर सुरक्षा जनपद हमीरपुर) के पर्वेक्षण में क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन्स, हमीरपुर में साइबर अपराध की रोकथाम एवं प्रभावी विवेचना हेतु एक दिवसीय साइबर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण में पुलिस मुख्यालय से नियुक्त साइबर कमाण्डों श्री उत्तम सिंह द्वारा साइबर अपराध से संबंधित नवीनतम तकनीकी विधियों, जांच की प्रक्रियाओं एवं डिजिटल साक्ष्य संकलन के आधुनिक तरीकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में साइबर थाना कर्मी तथा जनपद के समस्त थानों के साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

क्षेत्राधिकारी साइबर अपराध द्वारा उपस्थित सभी कर्मियों को थाना स्तर पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के समुचित पंजीकरण, त्वरित निस्तारण एवं अद्यतन अभिलेखों के रख रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना सहित अन्य अधिकारीगण एवं प्रशिक्षु पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित कार्रवाई की क्षमता को और सुदृढ़ करना है।




